तापमान
अधिकतम 37.3 डिग्री से.
न्यूनतम 20.7 डिग्री से.

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

14 धान खरीद प्रक्रिया में नहीं आनी चाहिए दिक्कत ...



14 सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पात्रों को ...



## खबर संक्षेप

### शाहबाद में रेलवे ट्रैक पर मिले शव की पहचान

**कुरुक्षेत्र।** शाहाबाद में ढोला माजरा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से जान गंवाने वाले किशोर की पहचान गांव मदनपुरा निवासी 17 वर्षीय अनुराग के रूप में हुई है। वह शाहाबाद के निजी स्कूल में 12वीं कक्षा का छात्र था। गुरुवार को वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई थी। शुक्रवार सुबह परिजनों ने एलएनजेपी अस्पताल में स्कूल यूनिफॉर्म से उसकी पहचान की। परिजनों के अनुसार, अनुराग बुधवार सुबह स्कूल गया था, लेकिन घर नहीं लौटा। वह दो बहनों का इकलौता भाई था। जीआरपी ने इत्तेफाकिया रिपोर्ट दर्ज की है।

### साइबर ठगों ने युवक से ठग लिए ढाई लाख रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने निवेश करके अच्छी कमाई करने का झांसा देकर युवक से ढाई लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गांव पांसरा निवासी अंकित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 7 जनवरी से 21 मार्च 2026 के बीच उसके मोबाइल फोन पर इनकॉइन पे ऐप के माध्यम से निवेश करवाया गया। इस दौरान उससे कुल 2 लाख 50 हजार रुपये की रकम निवेश के नाम पर ली गई।

### कार्ड बनवाने के नाम पर बुजुर्ग से 97,920 रुपये ठगे

**यमुनानगर।** जगाधरी के विष्णु नगर निवासी 60 वर्षीय सुरेंद्र कुमार का मोबाइल हैक कर अज्ञात व्यक्ति ने बैंक खाते से 97,920 रुपये निकाल लिए। आरोपी ने पेंशन कार्ड बनवाने के नाम पर बुजुर्ग से संपर्क किया था। इसी दौरान उसका मोबाइल हैक कर खाते से रकम निकाल ली। बैंक खाते से पैसे निकलने का पता चलने पर सुरेंद्र कुमार ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गोदाम से हजारों रुपये का सामान चोरी

**यमुनानगर।** नालागढ़ स्थित काले तेल के गोदाम से चोर ट्रकों की बैटरियां, कॉपर वायरिंग समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। जगाधरी के गांधी धाम निवासी मौर्य वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शाम को गोदाम पर ताला लगाकर घर चला गया था। सुबह पहुंचने पर गोदाम में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर बैटरियां और कॉपर वायरिंग समेत अन्य सामान गायब मिला। उसने सीसीटीवी फुटेज देखी तो एक व्यक्ति सामान चोरी करके ले जाता दिखाई दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जेवर और रुपये लेकर नवविवाहिता लापता

**समालखा।** चुलकाना धाम पुलिस चौकी क्षेत्र से छह माह पहले शादी करके आई नवविवाहिता घर से सोने-चांदी के जेवर और 40 हजार रुपये लेकर लापता हो गई। पति की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। महिला बिहार के समस्तीपुर जिले के जटमलपुर गांव की निवासी है। पुलिस ने महिला की तलाश में सहयोग के लिए समस्तीपुर पुलिस से भी संपर्क किया है।

### स्कूल बस की टक्कर से महिला टीचर की मौत

**पानीपत।** गोहाना रोड बाईपास पर शुक्रवार सुबह स्कूल बस की चपेट में आने से 35 वर्षीय शिक्षिका शीतल निवासी न्यू मुखीजा कॉलोनी की मौत हो गई। वह स्कूटी से गांव छिछड़ाना स्थित ऋषिकुलम स्कूल जा रही थी। राहगीर उसे सिविल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया

**सलारपुर रोड पर एक घंटे तक प्रभावित रहा यातायात**

# मंडी में धान के कट्टे रखने पर भड़के सब्जी विक्रेताओं ने लगाया जाम

## दुकानों के सामने कट्टे रखे होने से फल-सब्जियों का कारोबार हो रहा प्रभावित

- मार्केट कमेटी सचिव ने कट्टे हटवाने का दिया आश्वासन इसके बाद खोला जाम
- ग्राहकों के दुकानों तक नहीं पहुंच पाने से आढ़तियों और विक्रेताओं को हो रहा आर्थिक नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

सब्जी मंडी में धान के कट्टे रखे जाने से नाराज सब्जी विक्रेताओं ने शुक्रवार सुबह सलारपुर रोड पर जाम लगा दिया। सुबह करीब 9:30 बजे से 10:30 बजे तक लगभग एक घंटे तक जाम लगाए जाने से सड़क पर यातायात प्रभावित रहा। सब्जी विक्रेताओं ने आरोप लगाया कि पिछले छह दिनों से मंडी में धान के कट्टे पड़े हैं, जिससे सब्जी और फल विक्रेताओं का कारोबार प्रभावित हो रहा है। सब्जी विक्रेता राजवीर और राजकुमार ने बताया कि मंडी में बड़ी संख्या में धान के कट्टे रखे हुए हैं। कई जगह आढ़तियों की दुकानों के सामने ही कट्टे रख दिए गए हैं। इससे ग्राहकों और स्थानीय दुकानदारों को दुकानों तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि रास्ते बाधित होने के कारण ग्राहक मंडी में आने से कतराते हैं, जिससे फल और सब्जियों की बिक्री प्रभावित हो रही है। आढ़तियों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। विक्रेताओं ने बताया कि इस समस्या से मार्केट कमेटी के सचिव को भी अवगत कराया गया था, लेकिन उनकी शिकायत का समाधान नहीं हुआ। इसके चलते उन्हें विरोध स्वरूप सड़क पर उतरकर जाम लगाना पड़ा। जाम की सूचना मिलने पर एसएचओ ट्रैफिक रामकरण पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने जाम लगा रहे लोगों को समझाकर सड़क से हटने की अपील की। वहीं, मौके पर पहुंचे मार्केट कमेटी के सचिव हरजीत सिंह ने आढ़तियों और स्थानीय दुकानदारों से बातचीत की। उन्होंने दुकानों के सामने रखे धान के कट्टे हटवाने का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद सब्जी विक्रेताओं ने जाम खोल दिया। इसके बाद सड़क पर यातायात सामान्य हुआ।



कुरुक्षेत्र। सलारपुर रोड पर जाम लगाते सब्जी विक्रेता। फोटो : हरिभूमि



थानेसर सब्जी मंडी में लगे धान के ढेर।

**लाडवा अनाज मंडी गेट के पास सुबह 5:30 बजे हादसा**

# ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, ढाबे की दीवार टूटी

- केबिन में फंसे चालक के सिर में आई चोटें, अस्पताल पहुंचाया
- गनीमत रही कि ढाबा बंद होने से कोई कर्मचारी घायल नहीं हुआ, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा

लाडवा में शुक्रवार सुबह करीब 5:30 बजे अनाज मंडी गेट के पास गैस सिलेंडरों से भरे ट्रक ने धान से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होकर पास के ढाबे की दीवार तोड़ते हुए अंदर घुस गई। हादसे में ट्रक चालक केबिन में फंस गया, जिसे राहगीरों और पुलिस की मदद से बाहर निकालकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। चालक के सिर में चोट लगी है। टाटका गांव निवासी किसान गुरजीत सिंह धान लेकर मंडी जा रहा था। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गया और ट्रैक्टर-ट्रॉली ढाबे में घुस गई। ट्रॉली का पिछला हिस्सा खुलने से धान ट्रक के केबिन में जा घुसी, जिससे उसके आगे के दोनों शीशे टूट गए। राहगीरों ने डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक को बाहर निकलवाया। ट्रक गैस सिलेंडर लेकर यमुनानगर जा रहा था। हादसे के समय ढाबा बंद था और उसकी ऊपरी मंजिल पर कर्मचारी सो रहे थे। गनीमत रही कि कोई कर्मचारी घायल नहीं हुआ। पुलिस ने ट्रक को हटवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरूआती तौर पर हादसे का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है।



# करनाल: 10.29 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की करनाल यूनिट ने मेरठ रोड पर शुगर मिल के पास नहर पुल के नीचे एक युवक को 10.29 ग्राम स्मैक/हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। बरामद नशीले पदार्थ की कीमत करीब एक लाख रुपये बताई गई है। यूनिट प्रभारी निरीक्षक ऋषिपाल के अनुसार, आरोपी की पहचान शेखपुरा निवासी राजीव उर्फ राजू के रूप में हुई है। पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर नशीले पदार्थ की आपूर्ति के स्रोत और उत्तर प्रदेश से जुड़े नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है।



# एमएसपी पर खरीदा जाएगा धान का एक-एक दाना

**कृषि मंत्री ने इंद्री अनाज मंडी में खरीद व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने शुक्रवार को इंद्री अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने और किसानों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि धान उठान में तेजी लाने के लिए जरूरत पड़ने पर राइस मिलर्स के वाहनों की मदद ली जाएगी। खरीद में पारदर्शिता के लिए जिओ-फेंसिंग, बायोमीट्रिक सत्यापन और गेट पास व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने कहा कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत अधिक पैदावार वाले पात्र किसानों का धान भी एमएसपी पर खरीदा जाएगा।



## मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष ने समालखा मंडी का निरीक्षण किया

**समालखा।** समालखा अनाज मंडी के अंदर हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन वेदपाल एडवोकेट ने धान खरीद का निरीक्षण किया। इस दौरान अनाज मंडी के अंदर चेयरमैन वेदपाल ने मार्केटिंग विभाग के सभी कर्मचारी, सेक्रेटरी के साथ मंडी की व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की। मंडी में आढ़ती व किसानों को लेकर दी जानकारी। सभी सुविधाओं व धान उठान व खरीद का जय जायजा लिया। वहीं चेयरमैन ने धान खरीद की बोली भी मौके पर कराई और कांटे पर धान की बोरियों का तोल भी कराया गया और किसानों की समस्याएं सुनी तथा सभी सुविधा किसानों, आढ़तियों को देने के लिए आश्वासन दिया गया। इस दौरान अनाज मंडी के सचिव, अनाज मंडी अध्यक्ष विनय जैन, जिला पार्षद प्रतिनिधि विपिन पांचाल सनौली, विनोद छौक्कर, सुभाष कुहाड़, विनोद छौक्कर अनाज मंडी बापौली प्रधान, कमल संधू, राजकुमार काली रमण, कुलदीप कौशिक, राममेहर त्यागी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।



## मृत मिला 23 किलोग्राम वजनी अजगर, मौत का कारण संदिग्ध

**अंबाला।** गांव उज्जल माजरी में शुक्रवार दोपहर सड़क किनारे करीब 10 फीट 3 इंच लंबा और 23 किलो वजनी मादा अजगर मृत मिला। उसके गले में रस्सी बंधी थी और सिर पर चोट के निशान भी बताए जा रहे हैं। सूचना मिलने पर वंदे मातरम दल और वन्यजीव विभाग की टीम मौके पर पहुंची। बाद में पांच डॉक्टरों के पैनल ने अजगर का पोस्टमार्टम किया। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।वंदे मातरम दल के सदस्य भरत के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 1:30 बजे एक ग्रामीण ने सड़क किनारे अजगर को मृत देखा था। सूचना पर वन्यजीव विभाग के वन रक्षक अक्षय और हिमाचल के डिप्टी रेंजर साबिर खान भी मौके पर पहुंचे। जांच में अजगर मादा पाया गया।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार**

भरत ने बताया कि अजगर के गले में रस्सी और सिर पर चोट के निशान मिलने से मामला संदिग्ध लग रहा है, लेकिन मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। रिपोर्ट आने में करीब दो दिन लग सकते हैं। टीम आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटा रही है।



## फर्जी दस्तावेजों से वाहन बेचने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

**अंबाला।** पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों को गाड़ियां बेचने और वाहन चोरी करने वाले एक शातिर अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए इसके मुख्य आरोपी को दबोच लिया है। इस मामले में पुलिस अब तक कुल तीन गाड़ियां बरामद कर चुकी है। दरअसल 22 मई 2025 को शिकायतकर्ता मंजीत सिंह ने थाना नग्गल में एक शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, आरोपी नितिन कुमार और उसके साथियों ने सोची-समझी साजिश के तहत फर्जी दस्तावेज तैयार किए और उन्हें पंजाब नंबर की एक गाड़ी बेचकर ठगी को अंजाम दिया था। इस शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पहले ही मामले के सिंबला के रहने वाले आरोपी नितिन कुमार को गिरफ्तार किया था। इसके बाद पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाया। अब पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी गुरविंदर सिंह निवासी गांव बैंका जिला तरनतारन पंजाब को गिरफ्तार किया। पूछताछ और रिकॉर्ड खंगालने पर सामने आया कि आरोपी गुरविंदर सिंह एक बेहद शातिर अपराधी है।

- पंजाब के तरनतारन निवासी गुरविंदर सिंह को दबोचा

**प्रदेशभर के कर्मी पिपली स्थित देवीलाल पार्क में हुए एकत्रित**

# 6000 रुपये वेतन में गुजारा मुश्किल सीपीएलओ कर्मियों ने किया प्रदर्शन

- जीटी रोड की ओर कूच करते कर्मियों को पुलिस ने रोका, दोनों पक्षों में हुआ आमना-सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा में सीपीएलओ कर्मचारियों ने वेतन बढ़ाने और तकनीकी वेतनमान के अनुसार मानदेय देने की मांग को लेकर शुक्रवार को पिपली स्थित देवीलाल पार्क में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। प्रदेशभर से पहुंचे कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ रोष जताते हुए कहा कि महज छह हजार रुपये मासिक वेतन में परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों ने सरकार से उनका मानदेय बढ़ाने की मांग की। सीपीएलओ के प्रधान विजय ने कहा कि कर्मचारी पिछले करीब ढाई साल से नौकरी कर रहे हैं, लेकिन उन्हें केवल छह हजार रुपये मासिक वेतन दिया जा रहा है। इतनी कम राशि में परिवार का गुजारा करना बेहद कठिन है। उन्होंने कहा कि यदि कर्मचारी एक दिन भी ड्यूटी पर नहीं पहुंचता तो उसके वेतन में कटौती कर दी जाती है। ऐसे में कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान विजय ने आरोप लगाया कि सरकार कर्मचारियों का शोषण कर रही है। उन्होंने कहा कि सीपीएलओ कर्मचारियों से बीएलओ का काम भी करवाया गया, लेकिन उनकी जिम्मेदारियों के अनुरूप वेतन नहीं दिया जा रहा। कर्मचारियों की मांग है कि उन्हें तकनीकी वेतनमान के अनुसार वेतन दिया जाए।



कुरुक्षेत्र। सीपीएलओ को जीटी रोड की ओर कूच करने पर रोकती पुलिस।

## खेतों में शौच के लिए गए व्यक्ति की संदिग्ध हालात में हुई मौत

**यमुनानगर।** खेतों में शौच के लिए गए कंबाइन चालक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतक पंजाब से कंबाइन लेकर साढ़ौरा क्षेत्र के गांव कुराली में धान काटने के लिए आया हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले में जांच शुरू कर दी। आशंका जताई जा रही है कि मृतक की मौत हार्ट अटैक आने से हुई है। जानकारी के मुताबिक पंजाब के बरनाला निवासी गुरजंट सिंह (45) कंबाइन पर चालक के तौर पर काम करता था। वह पांच दिन पहले ही पंजाब के बरनाला से धान की फसल की कटाई करने के लिए कंबाइन लेकर जिले के साढ़ौरा क्षेत्र के गांव कुराली में पहुंचा था। बताया गया है कि मृतक गुरजंट सिंह खेतों में शौच के लिए गया था। इसी दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़ा।

- आशंका जताई जा रही है कि मृतक की मौत हार्ट अटैक आने से हुई

**हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान झींडा ने उठाया मुद्दा**

*गुरुद्वारा ज्ञान गोदड़ी साहिब का स्थान सिखों को देने की अपील*

# तीन ऐतिहासिक गुरुद्वारों का प्रबंध सिख कौम को सौंपने की मांग

- गुरुद्वारा डांग मार साहिब का प्रबंध वापस देने की मांग, केंद्र और सिक्किम सरकार को लिखा पत्र
- ऐतिहासिक गुरुद्वारों से जुड़े सिख कौम के धार्मिक अधिकारों का हो सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने शुक्रवार को पत्रकारों से रुबरु हो कर सिख कौम के बहुत ही अहम मुद्दे उठाए। उन्होंने मीडिया के सामने श्री गुरु नानक देव जी महाराज के जीवन से जुड़ी यात्राओं का जिक्र करते हुए तीन ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिबान का प्रबंध सिख कौम को देने की मांग देने की मांग उठाई है। जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने बताया कि तीसरी यात्रा के दौरान श्री गुरु नानक देव जी महाराज जब सिक्किम पहुंचे तो वहां की संगत ने उनके समक्ष पानी की समस्या का जिक्र किया, जिसके बाद गुरु साहिब ने अपने हाथ में पकड़ी डांग (लाठी) को ग्लेशियर में मारा और वहां एक कुंभ बन गया। इसके बाद वहां की संगत है इसी कुंभ से जीवन यापन के लिए पानी का प्रयोग करने लगी। प्रधान के मुताबिक सन 1982 तक वहां गुरुद्वारा साहिब सुशोभित रहा, जोकि गुरुद्वारा डांग मार साहिब के नाम से प्रसिद्ध है। वोट की राजनीति करते हुए वहां की सरकार ने अब इस ऐतिहासिक स्थान को बौद्ध धर्म के हवाले कर दिया है जो की बिल्कुल भी उचित नहीं है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ने इस मुद्दे को उठाते हुए उपरोक्त स्थान पर फिर से गुरुद्वारा साहिब बनाने की मांग की है। अपनी इस मांग को लेकर उन्होंने देश के गृहमंत्री अमित शाह और सिक्किम के सीएम को पत्र लिखा है। हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने श्री गुरु नानक देव जी के जीवन से जुड़ी एक और घटना का जिक्र करते हुए बताया कि हरिद्वार में गुरुद्वारा ज्ञान गोदड़ी साहिब पर भी भाजपा सरकार ने केंद्र सरकार को एक ट्रस्ट बनाकर दे दिया है जो की सरासर अनुचित है। उन्होंने इस मुद्दे को लेकर देश के गृहमंत्री अमित शाह को और उत्तराखंड के सीएम को पत्र लिखकर वह स्थान सिखों को देने अपील की है।



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश झींडा।

# यमुनानगर: मकान में छापा, एक क्विंटल एनालॉग पनीर बरामद

- इकाई के पास लाइसेंस नहीं होने की बात आई सामने, जांच रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगी गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर में सस्ते पनीर के नाम पर लोगों की सेहत से खिलवाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। गांधी नगर में एक घर के अंदर कथित तौर पर अवैध रूप से संचालित की जा रही पनीर निर्माण इकाई पर फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान टीम ने करीब एक क्विंटल एनालॉग पनीर बरामद किया। विभाग ने पनीर का सैंपल लेने के बाद शेष पनीर को गड्ढा खोदकर जमीन में दबा दिया। टीम का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा विभाग के फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉ. गुलाब ने किया।

फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉ. गुलाब ने बताया गुप्त सूचना के आधार पर मकान में छापामारी की गई है। छापामारी के दौरान मौके से करीब एक क्विंटल एनालॉग पनीर बरामद हुआ है। विभाग ने नियमानुसार उसका सैंपल लिया और इसके बाद बरामद पनीर को गड्ढा खोदकर जमीन में दबा दिया। बताया गया है कि यह इकाई मोतिहारी निवासी एक व्यक्ति द्वारा संचालित की जा रही थी। आरोप है कि यहां तैयार पनीर को करीब 240 रुपये प्रति किलो के हिसाब से जिले की डेयरी दुकानों, होटलों, रेस्टोरेंट, ढाबों और कैटरिंग कारोबार से जुड़े लोगों को सप्लाई किया जा रहा था। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पनीर की गुणवत्ता के बारे में पता चल सकेगा। टीम के सूत्रों के मुताबिक इकाई के पास खाद्य कारोबार से संबंधित आवश्यक लाइसेंस या प्रमाणपत्र नहीं थे। बताया गया है कि पनीर को कथित तौर पर पिछले करीब तीन वर्षों से बाजार में सप्लाई किया जा रहा हैं । यदि जांच में इन तथ्यों की पुष्टि होती है तो यह खाद्य सुरक्षा नियमों के अनुपालन को लेकर गंभीर मामला होगा।



## खबर संक्षेप



### बुनियादी अधिकारों से वंचित न हो कोई बच्चा

**यमुनानगर।** जिला बाल कल्याण समिति की बैठक का आयोजन एडीसी कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की। उन्होंने बैठक में बच्चों की देख रेख और संरक्षण विषयों पर चर्चा की। बैठक में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अशोक कुमार भी मौजूद रहे। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने समिति सदस्यों को मिशन वात्सल्य के तहत बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुविधाओं का समय पर मिलना हर हाल में सुनिश्चित करने के लिए सुदृढ़ता से कार्य करने के लिए आहवान किया। ताकि कोई भी जरूरतमंद बच्चा अपने बुनियादी अधिकारों से वंचित न रहे। बाल श्रम और बाल भिक्षावृति की रोकथाम के लिए जागरूकता के साथ आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाए। मौके पर कार्यवाहक जिला बाल संरक्षण अधिकारी किरण, मुकेश कंसल और गौरव शर्मा मौजूद रहे।

### चाकू से हमला कर युवक की हत्या का प्रयास

**यमुनानगर।** गांव मेहरमाजरा में एक व्यक्ति ने युवक पर चाकू से हमला करके उसकी हत्या करने का प्रयास किया। गंभीर हालत में युवक को अस्पताल में भरती करवाया गया। मेहर माजरा निवासी अनिल कुमार देर शाम सात बजे के करीब गांव के मेन गेट के नजदीक किसी काम के लिए गया था। इस दौरान वहां पर अमित पहुंच गया और अनिल पर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपी ने अनिल की गर्दन व अन्य हिस्सो पर चाकू से कई वार करके उसे गंभीर रुप से घायल कर दिया। शोर सूनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से भाग गया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी अमित के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## इनेलो के प्रतिनिधिमंडल ने धान खरीद का लिया जायजा, सुनीं समस्याएं

# अनाज मंडियों में किसानों का किया जा रहा शोषण: चमरौड़ी

**कहा, नमी बताकर औने पौने दामों में खरीद जा रही किसानों की उपज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। अनाज मंडी में धान खरीद का जायजा लेते हुए इनेलो पार्टी का प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

इंडियन नेशनल लोकदल के वरिष्ठ नेता कमल कांबोज चमरौड़ी के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने रादौर अनाज मंडी में दौरा कर धान खरीद का जायजा लिया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने किसानों को अनाज मंडी में धान बेचने के दौरान आ रही समस्याओं की जानकारी भी ली।

इनेलो के वरिष्ठ नेता कमल कांबोज चमरौड़ी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार एमएसपी पर सभी फसलों को खरीदने का दावा करते नहीं थक रही है। मगर अनाज मंडियों में जो जमीनी हालात हैं उनसे किसानों का जमकर शोषण किया जा रहा है। अनाज मंडियों में धान में नमी बताकर उन्हें औने पौने दामों पर खरीदा जा रहा है। वहीं, किसानों को अनाजमंडी में अपनी फसल बेचने के लिए पोर्टल व उठान की समस्याओं से दो चार होना पड़ रहा है। किसान खेत से फसल लेकर मंडी में आते हैं। मंडी में आने के बाद भी कब तक उसकी फसल बिकेगी यह किसानों को पता नहीं होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों से आज किसान वर्ग परेशानियां झेल रहा है।

### उपज का एक-एक दाना खरीदे सरकार

इनेलो के वरिष्ठ नेता कमल कांबोज चमरौड़ी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पोर्टल पर किसानों के लिए 27.73 क्विंटल प्रति एकड़ तय की है। कोई भी किसान पोर्टल पर पंजीकृत अपनी जमीन से प्रति एकड़ केवल इसी तय सीमा तक ही धान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकारी मंडियों में बेच सकता है। जबकि धान का बीज बेचने वाली कंपनी ने किसानों को 30 से 40 क्विंटल प्रति एकड़ का भरोसा दिया हुआ है। यदि किसानो की धान की फसल 35 क्विंटल निकलती है तो वह धान की बाकी बची फसल को कहां बेचेगा यह सोचनीय विषय है। उन्होंने किसानों का एक-एक दाना खरीदे जाने की मांग की। इस अवसर पर सुरेंद्र ढांडा, सुभाष पूर्णगढ, करनैल सागड़ी व सुखबीर फौजी आदि मौजूद रहे।



### स्वस्थ मां और स्वस्थ बच्चा मजबूत समाज की नींव : कंवरपाल

**यमुनानगर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में महिलाओं एवं बच्चों के लिए छछरौली में पोषण व स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में छछरौली के एसडीएम जसपाल सिंह गिल मौजूद रहे। वहीं, विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मिश्रा रंगा ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी अदा की गई। मुख्यातिथि कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि स्वस्थ मां और स्वस्थ बच्चा ही मजबूत समाज की नींव है। इस अवसर पर प्रदेश महिला आयोग सदस्य सुमन चौधरी,बाल कल्याण समिति सदस्य पूनम अग्रवाल,जिला उपाध्यक्ष रामपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष गौरव गोयल, मार्केट कमेटी छछरौली के चेयरमैन कैलाश चंद शर्मा वभाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

# एसआईआर के तहत मिले नोटिस का समयबद्ध किया जा रहा है निस्तारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

### सियासी दलों ने बूथ एजेंट किए नियुक्त

जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति ने बताया कि मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए 1005 मतदान केन्द्रों के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए गए हैं। जिनमें भारतीय जनता पार्टी द्वारा 979 व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा 741 बीएलए टू नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी के 4, भारतीय कांग्रेस पार्टी के 4, आम आदमी पार्टी के 4 व जननायक जनता पार्टी के 4, इंडियन नेशनल लोकदल के 4, बहुजन समाज पार्टी के 4 तथा कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया(मार्क्सवादी) के 4 बीएलए वन नियुक्त किए गए हैं।

जिला में एसआईआर के तहत मिले नोटिस एवं सुनवाई से संबंधित मामलों का समयबद्ध निस्तारण किया जा रहा है। इस दौरान जिला में लगाए गए विशेष शिविर में 293 लंबित मामलों की सुनवाई कर उनका निस्तारण किया गया। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रीति ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उन्होंने नोटिस प्राप्त करने वाले मतदाताओं से निर्धारित तिथि पर सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के लिए अपील की।



उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति ने बताया कि जिला में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मिले नोटिस एवं सुनवाई से संबंधित मामलों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला में 7265 सुनवाई मामले लंबित हैं। कुल लंबित मामलों का प्रतिशत 4.46 है। निर्वाचन आयोग द्वारा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को लंबित सुनवाई मामलों के शीघ्र निस्तारण, प्रभावी मॉनिटरिंग व निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर व घर घर सर्वे के दौरान दस्तावेज प्राप्त कर रहे हैं जहां पर नोटिस प्राप्त होने पर अभी तक सम्बन्धित मतदाताओं द्वारा आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं करवाए गए हैं।



यमुनानगर। जगाधरी के श्री सनातन धर्म स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए मंचासीन कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व अन्य नेतागण। फोटो : हरिभूमि

# भगवान श्रीराम ने किया महाराक्षसी ताड़का का वध

- ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब नाचरौन में रामलीला के दूसरे दिन उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। गांव नाचरौन में आयोजित रामलीला का दूसरे दिन शुभारंभ करते हुए मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब नाचरौन के तत्वावधान में चल रही चौदह दिवसीय श्रीरामलीला में दूसरे दिन महाराक्षसी ताड़का वध का दृश्य मंचन किया गया। इस दौरान महाराक्षसी के पात्र बने कलाकार ने भयंकर प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी को भावविभोर कर दिया। महाराक्षसी का वध होते ही जय श्रीराम जय श्रीराम से जयघोष से वातावरण भगवान श्रीराममय हो गया। दूसरे दिन रामलीला मंचन का शुभारंभ कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल राणा ने मुख्यातिथि के रुप में रिबन काटकर किया।

श्रीराम लीला के दूसरे दिन शुरु होते ही पहला दृश्य महाराजा दशरथ के दरबार में महर्षि विश्वामित्र पहुंचते हैं और उन्हें वन में आतंक मचा रहे राक्षसों से छुटकारा दिलाने की जानकारी देते हैं।

वह महाराजा दशरथ को बताते हैं कि वन में महारीच व सुबाहु और उनकी माता महर्षि ने आतंक मचा रखा है। महर्षि राक्षसों से छुटकारा दिलाने के लिए उनके पुत्र भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने की बात कहते हैं। जिस पर महाराजा दशरथ महर्षि को वह स्वयं राक्षसों से युद्ध कर उनसे छुटकारा दिलाने की बात कहते हैं। दूसरे दृश्य मंचन में महर्षि विश्वामित्र के साथ जंगल से गुजरते हुए श्रीराम व लक्ष्मण का महाराक्षसी ताड़का से सामना होता है और श्रीराम गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से उसका वध कर देते हैं।

# समर्पित होकर श्रेष्ठ भारत का पूरा करें सपना

- जगाधरी के श्री सनातन धर्म स्कूल में सेवा संकल्प अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि श्रेष्ठ और समृद्ध भारत का सपना हम सभी को देश के प्रति समर्पित होकर पूरा करना चाहिए। क्योंकि जब तक हम सब मिलकर देश के प्रति समर्पित नहीं होंगे। तब तक एक श्रेष्ठ और समृद्ध भारत का सपना पूरा नहीं हो सकता है। उन्होंने उक्त शब्द जगाधरी के श्री सनातन धर्म विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रुप में कहे। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर मौजूद रहे।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक चलाया जा रहा है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हमें अपनी प्रतिभा, अपने समय और अपनी ऊर्जा का एक हिस्सा इस राष्ट्र के निर्माण में अवश्य लगाना चाहिए। जब तक हम सब मिलकर देश के प्रति समर्पित नहीं होंगे। तब तक एक श्रेष्ठ और समृद्ध भारत का सपना पूरा नहीं होगा। मौके पर उन्होंने स्वैच्छिक ग्रांट से स्कूल के बच्चों के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। विशिष्ठ अतिथि कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में सेवा और जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए अनेक जनहितकारी कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, पूर्व विधायक साढौरा चौधरी बलवंत सिंह, भाजपा प्रदेश सचिव एवं पूर्व मेयर मदन चौहान, एडीसी नवीन आहूजा, डीएसपी रमेश कुमार व जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलता आदि मौजूद रहे।

## विकास कार्यों के लिए 2.71 करोड़ रुपये के जारी किए गए टेंडर

# निगम क्षेत्र के शमशान घाटों की बदलेगी सूरत बेहतर होंगी सुविधाएं

**निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने अधिकारियों की बैठक में दिए दिशा-निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी द्वारा निगम क्षेत्र के श्मशान घाटों के रखरखाव और विकास को लेकर निगम कार्यालय में अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने की।



यमुनानगर के निगम कार्यालय में निगम क्षेत्र के श्मशान घाटों में किए जाने वाले विकास कार्यों की जानकारी देते हुए निगमायुक्त महाबीर प्रसाद।

बैठक में निगम क्षेत्र के 52 श्मशान घाटों की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों से बैठने की जगह, दाह.संस्कार शेड, लकड़ी रखने की व्यवस्था, शौचालय, पेयजल, बाउंड्री वॉल और श्मशान घाट तक पहुंचने वाले रास्तों की स्थिति की जानकारी ली गई।

बैठक में कार्यकारी अभियंता विकास धीमान, हरीश कुमार व मनदेव कुमार ने बताया कि कई श्मशान घाटों के विकास कार्य प्रगति पर हैं।

वार्ड नंबर 4 के नाभ श्मशान घाट के रास्ते के निर्माण के लिए 54.05 लाख रुपये तथा भगवानगढ़ में श्मशान घाट के रास्ते के लिए 47 लाख रुपये का एस्टीमेट टेंडर प्रक्रिया में है।

मांडखेड़ी की टपरियां में श्मशान घाट के जीर्णोद्धार के लिए 25 लाख रुपये का एस्टीमेट तैयार किया गया है। इसी तरह जम्मू कॉलोनी श्मशान घाट में बाउंड्री वॉल व शेड के लिए 37.01 लाख रुपये का एस्टीमेट तैयार है और तकनीकी स्वीकृति का इंतजार है। औरंगाबाद में करीब 25 लाख रुपये, मंडेबरी में 7.40 लाख रुपये, खेड़ी रांगडान में 19.47 लाख रुपये और रामनगर खेड़ी रांगरान में 6.91 लाख रुपये के विकास कार्यों की प्रक्रिया चल रही है।

इसी प्रकार कांसापुर श्मशान घाट के लिए 25 लाख रुपये का एस्टीमेट डी.प्लान के तहत रेट अप्रूव्ल में है। जबकि कांसली के लिए 25 लाख रुपये का एस्टीमेट टेंडर प्रक्रिया में है। ससौली रोड स्थित अमरपुरी श्मशान घाट में शौचालय का कार्य अधूरा है और इसके लिए एस्टीमेट तैयार किया जाना है।

### अंतिम संस्कार में न हो परेशानी

निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बैठक में अधिकारियों को जिन श्मशान घाटों में मूलभूत सुविधाओं की कमी है उनमें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्मशान घाटों में आने वाले लोगों को अंतिम संस्कार के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्यों में तेजी लाने तथा नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## न्यूज डायरी



### बेसहारा गोवंशों की सेवा कर कमाएं पुण्य: कांबोज

**रादौर।** हरियाणा गोसेवा आयोग के चेयरमैन रामचंद कांबोज का रादौर की शहीद उधम सिंह धर्मशाला में पहुंचने पर समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। मौके पर धर्मशाला के प्रधान वेद प्रकाश कांबोज व शहीद उधम सिंह चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान सुरेश कांबोज मौजूद रहे। रामचंद कांबोज ने कहा कि हरियाणा गौ सेवा आयोग गोवंशजों की सुरक्षा और उनके उत्थान के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि अपने आसपास घूम रहे गोवंशों की सेवा करके पुण्य कमाएं। इस अवसर पर मास्टर सतपाल कांबोज मंधार, प्रधान सुरेश दोहली,पंचायत समिति रादौर के चेयरमैन विपिन कांबोज, प्रदीप कांबोज, अमित कांबोज, हरपाल मारूपुर आदि मौजूद रहे।



### विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

**यमुनानगर।** स्वच्छ भारत मिशन की टीम द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत राजकीय माध्यमिक विद्यालय लेबर कालोनी के सहयोग से शहर के वार्ड नंबर 16 स्थित स्वर्ण जयंती पार्क लेबर कॉलोनी में विशेष सफाई एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्लॉग रन कर स्वच्छता का संदेश दिया। मिशन की टीम के विशेषज्ञ आकाश कुमार ने बताया कि अभियान के तहत विद्यार्थियों ने पार्क में घूमते हुए यहां वहां पड़े कचरे को एकत्रित किया और लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाने के लिए जागरूक किया। इस दौरान एकत्रित कचरे को वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण के लिए भेजा गया। अभियान में विद्यालय की प्रधानाचार्या मुक्ता एवं अध्यापकगण का सहयोग रहा। विशेषज्ञ आकाश कुमार व गगन बेनीवाल ने विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों को कचरे के उचित निस्तारण, सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।



### योग के नियमित अभ्यास से जीवन बनेगा बेहतर

**यमुनानगर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर के नेहरु पार्क स्थित योगा हाल में योग शिविर का आयोजन किया गया। मेयर सुमन बहमनी व निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर आयोजित शिविर में स्कूल के बच्चों और नगर निगम कर्मचारियों ने भाग लिया। योग शिविर में योग विशेषज्ञ डॉ. स्मृति शर्मा समेत अन्य विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन और शवासन जैसी योग मुद्राओं के साथ अनुलोम विलोम, कपालभाति तथा गहरी श्वास लेने का अभ्यास करवाया। योग विशेषज्ञ डॉ. स्मृति ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है। बल्कि शरीर और मन के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है।



### विद्यार्थी जीवन में निर्धारित करें स्पष्ट लक्ष्य: प्रीति

**रादौर।** एमडीवीएम पब्लिक स्कूल हाफिजपुर में शुक्रवार को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चितकारा यूनिवर्सिटी से मिस प्रीति व सुशील कौशिक ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। प्रीति व सुशील कौशिक ने विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता एवं भविष्य के लक्ष्यों के अनुसार सही करियर चुनने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने ह्यूमिनिटीज , कामर्स,नॉन मेडिकल एवं मेडिकल स्ट्रीम के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा रोजगार की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक अनिल कांबोज ने प्रतिनिधि मिस प्रीति व सुशील कौशिक समेत उनकी पूरी टीम का कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आभार व्यक्त किया।



### ऋषभ हेड ब्याय व अनन्या हेड गर्ल बनी

**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूलए सुढ़ैल में शुक्रवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समारोह में चयनित विद्यार्थियों को विभिन्न टाइटल देकर जिम्मेदारियां सौंपी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने किया। उन्होंने बताया कि अलंकरण समारोह में चयनित किए गए छात्र ऋषभ गोयल को हेड ब्याय व अनन्या को हेड गर्ल बनाया गया। वहीं, हाउस व्यवस्था के अंतर्गत भक्ति हाउस में हरमनजोत सिंह को कैप्टन तथा नविका को वाइस कैप्टन बनाया गया। प्रगति हाउस में गुरप्यार सिंह को कैप्टन तथा अर्शलीन को वाइस कैप्टन की जिम्मेदारी सौंपी गई। शक्ति हाउस में उज्ज्वल को कैप्टन तथा खनक को वाइस कैप्टन नियुक्त किया गया। शांति हाउस में हर्षित को कैप्टन तथा अक्षरा को वाइस कैप्टन बनाया गया। इसके अलावा लक्ष्य सेठ को इवेंट इंचार्ज, एलिना को कल्चरल हेड, कनिका को डिसिप्लिन हेड तथा उद्धव को स्पोर्ट्स कैप्टन की जिम्मेदारी सौंपी गई। गरिमा और अंजलि को प्रीफेक्ट नियुक्त किया गया।



### श्रद्धा एवं भक्तिभाव से मनाया नवरात्र का पर्व

**रादौर।** लाइक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को नवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या नेहा देवी ने बताया कि कार्यक्रम में नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हें मुन्ने बच्चों ने मनमोहक अभिनय प्रस्तुतियों के माध्यम से मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों एवं नवरात्रि से जुड़ी धार्मिक कथाओं को जीवंत किया। कक्षा चौथी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने नवरात्रि के महत्व, मां दुर्गा के नौ स्वरूपों व भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं पर भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में नारी शक्ति और महिलाओं के मूल्यों को विशेष रूप से दर्शाया गया। विद्यार्थियों ने बताया कि महिलाएं परिवार, शिक्षा, समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। महिलाओं का सम्मान करना, उन्हें समान अवसर प्रदान करना व उनके अधिकारों की रक्षा करना एक सभ्य समाज की पहचान है। मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों के माध्यम से साहस, शक्ति, करुणा, धैर्य और आत्मविश्वास का संदेश भी दिया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या नेहा देवी ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्हें नारी शक्ति का सम्मान करने, अच्छे संस्कार अपनाने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### भारत की आत्मा के मूल हैं राम एवं रामायण

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में हिंदी विभाग द्वारा शुक्रवार को रामकाव्य परम्परा और अहमदबख्श थानेसरी रामायण विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव प्रो. कृष्ण चन्द रल्हाण ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि भारत की आत्मा के मूल राम एवं रामायण है। उन्होंने कहा कि राम केवल ग्रंथों में नहीं, बल्कि लोक के कण-कण में बसे हैं। उन्होंने निर्गुण और सगुण राम की चर्चा करते हुए रामकाव्य परम्परा को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताया।

### डाक मंडल में 15 तक मनाएंगे डाक सप्ताह

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र डाक मंडल में 9 से 15 अक्टूबर 2026 तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी सप्ताह के दौरान विभिन्न दिवसों को विशेष थीम के तहत मनाते हुए डाक सेवाओं, वित्तीय योजनाओं और तकनीकी सुविधाओं के प्रति आमजन को जागरूक किया जाएगा। इसके लिए डाक विभाग की ओर से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। डाक विभाग के कार्यक्रम के अनुसार, शुक्रवार को विश्व डाक दिवस के अवसर पर डाकघरों में राष्ट्रीय डाक सप्ताह से संबंधित पोस्टर और बैनर प्रदर्शित किए गए। इसके माध्यम से डाक सेवाओं के महत्व और सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी जा रही है।

### गली निर्माण पर खर्च होगा 21.58 लाख का बजट

**कुरुक्षेत्र।** पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर विधानसभा क्षेत्र के विकास और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर विकास कार्य किए जा रहे है। इसके साथ-साथ आमजन के जीवनस्तर को उपर उठाने के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम भी सरकार द्वारा किया जा रहा है। विकास कार्यों के लिए बजट की कोई कमी नहीं आने दी जा रही है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शुकवार 9 अक्टूबर को जेजे कॉलोनी में गली निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने थानेसर नगर परिषद के वार्ड नंबर 8 स्थित जेजे कॉलोनी में गली के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया।

### 18 को मनाएंगे शुक्ल रविवारीय महा सप्तमी पर्व

**कुरुक्षेत्र।** काम्यकेश्वर तीर्थ कमोदा में आश्विन मास की शुक्ल रविवारीय महा सप्तमी पर्व मनाया जाएगा। 18 अक्टूबर को आयोजित होने वाले रविवारीय शुक्ल सप्तमी मेले की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। तीर्थ के घाटों की साफ-सफाई के साथ मंदिर की रंगाई-पुताई की जा रही है और रंगी-बिरंगी लाइटों से सजाया जा रहा है। हवन के साथ मेले और भंडारे का शुभारंभ होगा। ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी जी द्वारा हवन में पूणार्हुति डाली जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, महा सप्तमी पर तीर्थ स्नान, दान और पूजा-अर्चना करने से दीघार्यु एवं आरोग्य की प्राप्ति होती है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मान्यता है कि नवरात्र के पावन अवसर पर पूवार्षाढ़ा नक्षत्र में मां कालरात्रि की पूजा का विधान बताया गया है।

## कृषि मंत्री ने अनाज मंडी का दौरा कर खरीद और उठान व्यवस्था का लिया जायजा

# कैप से अधिक धान निकलने पर किसान मंडी सचिव को दें सूचना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र/शाहबाद

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने शाहाबाद अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद और उठान व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने शाहाबाद मंडी में खरीद और उठान की व्यवस्था को बेहतर बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की धान का एक-एक दाना खरीदेगी और किसी भी किसान को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना भी उनके साथ मौजूद रहे। कृषि मंत्री ने कहा कि उन्होंने एक ही दिन में अंबाला शहर, साहा, मुलाना और शाहाबाद की अनाज मंडियों का दौरा किया है। इन मंडियों में शाहाबाद की व्यवस्था सबसे बेहतर रही है। मंडी में कुल धान आवक का 42 प्रतिशत उठान होना यहां की बेहतर कार्यप्रणाली का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में धान की खरीद के लिए प्रति एकड़ 29 क्विंटल की सीमा निर्धारित है। यदि किसी किसान की फसल का उत्पादन इससे अधिक है तो वह इसकी सूचना मंडी सचिव को दे। मंडी सचिव इस मामले की जानकारी एसडीएम, उपनिदेशक कृषि और उपायुक्त को दें ताकि किसानो की फसल का दाना दाना खरीदा जा सके। धान की फसल को तुलाई से पहले सीधे चावल मिल परिसर में भेजने के संबंध में पूछे गए सवाल पर कृषि मंत्री ने कहा कि जिन मंडियों में जगह की कमी है, वहां किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन नियमानुसार अनुमति ले सकता है। हालांकि, इस व्यवस्था में किसी प्रकार की गड़बड़ी या भ्रष्टाचार की शिकायत मिलती है तो सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। कृषि मंत्री ने किसानों से अपील की कि वे धान को अच्छी तरह सुखाकर ही मंडियों में लेकर आएं। खरीद के लिए धान में नमी की मात्रा 17 प्रतिशत तक निर्धारित है। उन्होंने कहा कि खरीद एजेंसियां निर्धारित मानकों के अनुसार धान खरीद रही हैं और किसानों को पूरा तोल व पूरा मूल्य देने के सिद्धांत पर भुगतान किया जा रहा है। किसानों के आंकड़ों का सत्यापन नहीं होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि 29 सितंबर के बाद का कुछ डाटा सत्यापित होना बाकी है। इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं और जल्द ही सत्यापन पूरा कर लिया जाएगा।



शाहबाद। अनाज मंडी का दौरा करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा और सुभाष कलसाना।

### पटवारी को किया निलंबित

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा के आदेश पर की गई एसडीएम शाहाबाद शंभू राठी द्वारा की गई जांच के दौरान पंजीकरण में पटवारी प्रिंस की लापरवाही सामने आने पर पटवारी को तुरंत प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबित किए गए पटवारी प्रिंस के पास तहसील के हल्का (क्षेत्र) जंदेड़ी शाहाबाद का जिम्मा था। उन्होंने कहा कि गत दिनों कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा ने अनाज मंडी का निरीक्षण किया था। इस दौरान किसान ने कैबिनेट मंत्री के सामने अपनी शिकायत रखी थी। उस शिकायत पर कैबिनेट मंत्री ने शाहाबाद एसडीएम शंभू राठी को मामले की जांच करने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने कहा कि उपमंडल अधिकारी शाहाबाद ने अपनी जांच में पाया कि हल्का जंदेड़ी के पटवारी प्रिंस द्वारा बिना मौका मुआयना किए बिना ही सारे वेरिफिकेशन में गैर कृषि योग्य भूमि दर्ज करके मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर किसानों के पंजीकरण को अयोग्य सत्यापित कर दिया गया, जोकि एक गंभीर चूक है।

### किसानों की धान का समय पर हो रहा भुगतान

चेयरमैन सुभाष कलसाना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी धान खरीद व्यवस्था पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों को फसल बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर भुगतान किया जा रहा है और शाहाबाद अनाज मंडी में धान का उठान भी तेजी से हो रहा है।

### आढ़तियों, किसानों और प्रशासन का मिल रहा सहयोग : तूर

मार्केट कमेटी के सचिव कर्ण राज सिंह तूर ने कहा कि धान सीजन के दौरान आढ़तियों, किसानों और प्रशासनिक अधिकारियों का पूरा सहयोग मिल रहा है। इसी के चलते शाहाबाद अनाज मंडी में खरीद और उठान का कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि जो एक-दो समस्याएं सामने आ रही हैं, उनका समाधान भी जल्द कर दिया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम शंभू राठी, मार्केट कमेटी सचिव कृष्ण कुमार मलिक, मार्केट कमेटी चेयरमैन कर्ण राज सिंह तूर, वाइस चेयरमैन तिरलोचन सिंह हांडा, मंडी प्रधान धनपत राय अग्रवाल, मंडी प्रधान बिट्टू कालड़ा, पार्षद दीपक आनंद, अधिवक्ता मनदीप रावा, रिंकू चहल, रोहित सैनी यारा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## सरकार किसानों की धान खरीद व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में विफल : मेवा सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लाडवा

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं लाडवा हलके के पूर्व विधायक मेवा सिंह ने शुक्रवार को लाडवा अनाज मंडी का निरीक्षण कर धान खरीद और उठान की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने धान खरीद के मुद्दे के साथ-साथ चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग निष्पक्षता से काम करने की बजाय भाजपा सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। देश में वोट चोरी होने का आरोप लगाते हुए मेवा सिंह ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को लगातार उठा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार किसानों की धान खरीद व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में भी विफल साबित हो रही है। हालात ऐसे बन गए हैं कि किसान समय पर अपनी फसल नहीं बेच पा रहे है। मंडी एसोसिएशन के पूर्व प्रधान अवतार सिंह शेखो की दुकान पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मेवा सिंह ने कहा कि मंडी में धान की खरीद और उठान में देरी के कारण किसान, आढ़ती और व्यापारी तीनों वर्ग परेशान हैं।



लाडवा। मंडी में किसानों व आढ़तियों से धान खरीद का जायजा लेते कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मेवा सिंह। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय बहुतकनीकी उमरी में 45 यूनिट रक्त एकत्रित

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय बहुतकनीकी, उमरी में रेड क्रॉस सोसाइटी, कुरुक्षेत्र और जिला नागरिक अस्पताल, कुरुक्षेत्र के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों, शिक्षकों और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 45 यूनिट रक्तदान किया। एकत्रित रक्त जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए जिला नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में भेजा गया। शिविर का शुभारंभ संस्थान की प्रधानाचार्या रचना गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। रक्तदान के जरिए जरूरतमंद मरीजों को जीवन बचाने में मदद मिलती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे रक्तदान के प्रति जागरूक बनें और इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें। शिविर में इंस्ट्रूमेंटेशन एवं कंट्रोल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष कंवल सचदेवा ने 30वीं बार रक्तदान किया। उनके इस योगदान ने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को समाजसेवा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी, कुरुक्षेत्र के सचिव रमेश कुमार, हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर डॉ. अशोक वर्मा, संदीप अहलावत तथा उमरी और जिरबड़ी गांवों के सरपंच सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष हरविंदर सिंह सैनी, सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष राजीव कुमार, वरिष्ठ व्याख्याता बलबीर सिंह, एप्लाइड साइंस विभाग के व्याख्याता देव व्रत, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के व्याख्याता सन्त्री बराड़ तथा एप्लाइड साइंस की व्याख्याता श्रीमती मधु वाला सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



### विरासत में आज सजेगी हरियाणवी सांझी

**कुरुक्षेत्र।** विरासत दि हेरिटेज विलेज जी.टी. रोड मसाना में विरासत हेरिटेज व एसोसिएशन ऑफ हरियाणवीज इन ऑस्ट्रेलिया के संयुक्त तत्वावधान में आज सांझी उत्सव-2026 का उद्घाटन कर महिलाओं द्वारा सांझी लगाई जाएंगी। सांझी प्रतियोगिता में मेवात, बृज, बांगर तथा पूरे हरियाणा से 150 से अधिक प्रतिभागी महिलाएं अपनी सांझी लगाने के लिए पहुंचेगी। सांझी उत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, यह जानकारी विरासत एएचए सांझी उत्सव के निदेशक अभिनव पूनिया ने दी।



उन्होंने बताया कि सांझी प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों के लिए 1 लाख 76 हजार छः सौ रुपए के पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय सांझी उत्सव में 10 अक्टूबर अमावस्या के दिन सांझी लगाई जाएंगी व 19 अक्टूबर तक उनका अवलोकन विरासत हेरिटेज विलेज में किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि विरासत सांझी उत्सव में हरियाणा कला परिषद की ओर से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जायेगा। इस सांझी उत्सव में डॉ. प्रीतम सिंह निदेशक अंबेडकर शोध संस्थान तथा श्री महेश जोशी उपाध्यक्ष हरियाणा कला परिषद मुख्यातिथि के रूप में भाग लेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में 30 से अधिक हरियाणवी कलाकार भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में सांझी के गीतों के साथ-साथ हरियाणवी लोकनृत्य प्रस्तुत किया जायेगा। अभिनव पूनिया ने बताया कि सांझी केवल एक पारंपरिक कलाकृति नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन, लोक आस्था, महिला सृजनशीलता और पारिवारिक परंपराओं की जीवंत अभिव्यक्ति रही है।

## इंदौर के स्वच्छता मॉडल का अध्ययन करने नई दिल्ली से रवाना हुआ 35 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र का 35 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल इंदौर के प्रसिद्ध स्वच्छता मॉडल का अध्ययन करने के लिए आज इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, नई दिल्ली से सांसद नवीन जिन्दल के निजी विमान में इंदौर के लिए रवाना हो गया। इस प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता पुंडरी विधायक सतपाल जांबा कर रहे हैं। यह अध्ययन यात्रा कुरुक्षेत्र, कैथल और रादौर क्षेत्र में स्वच्छता, जनभागीदारी तथा बेहतर नागरिक सुविधाओं का एक नया ढांचा तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। प्रतिनिधिमंडल में नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सदस्य, नगर पालिकाओं व नगर निगम के चेयरमैन और संबंधित प्रशासनिक अधिकारी शामिल हैं। इंदौर प्रवास के दौरान यह प्रतिनिधिमंडल शहर की स्वच्छता व्यवस्था, कचरा प्रबंधन, डोर-टू-डोर कलेक्शन, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और स्वच्छता जागरूकता अभियानों का प्रत्यक्ष अवलोकन करेगा। प्रतिनिधिमंडल वहां के स्थानीय अधिकारियों, स्वच्छता विशेषज्ञों और जनप्रतिनिधियों से संवाद कर यह समझेगा कि इंदौर ने स्वच्छता को केवल प्रशासनिक कार्य न बनाकर किस प्रकार एक जन-आंदोलन का रूप दिया है।



कुरुक्षेत्र। इंदौर के लिए रवाना होता प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

## नवरात्र से चतुर्दशी तक मां दुर्गा की पूजा शक्ति व साधना का महापर्व : डॉ. सुरेश

- श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली में प्रतिदिन होगा संकीर्तन, दुर्गा चालीसा पाठ और आरती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली के पीठाधीश एवं मां दुर्गा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष ज्योतिषाचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने कहा कि नवरात्रि मां दुर्गा की आराधना, शक्ति उपासना और आत्मशुद्धि का महापर्व है। यह पर्व हमें धर्म, संयम, कर्तव्य, सदाचार और नारी सम्मान का संदेश देता है। डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि 11 अक्टूबर 2026 , रविवार से प्रथम नवरात्रि और 25 अक्टूबर 2026, रविवार तक चौदस नवरात्रि महोत्सव रहेगा।



उन्होंने बताया कि मंदिर में नवरात्रि महोत्सव के दौरान श्रद्धालु प्रतिदिन मां दुर्गा का संकीर्तन करेंगे। इसके साथ श्री दुर्गा चालीसा पाठ और आरती श्रद्धा एवं भक्तिभाव से की जाएगी। मंदिर के संरक्षक एवं पुजारी पंडित राहुल मिश्रा वैदिक मंत्रों के साथ पूजा-अर्चना करवाएंगे। प्रथम नवरात्र पर मां शैलपुत्री की पूजा दृढ़ संकल्प और स्थिरता का संदेश देती है। दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की आराधना तपस्या, धैर्य और अनुशासन की प्रेरणा देती है। तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा साहस और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने का संदेश देती है। चौथे दिन मां कूष्मांडा की आराधना ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता का प्रतीक है। पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा मातृत्व, प्रेम और करुणा का संदेश देती है, जबकि छठे दिन मां कात्यायनी की आराधना शक्ति, साहस और धर्म की रक्षा की प्रेरणा देती है। सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा भय और अज्ञान पर विजय का प्रतीक है। आठवें दिन मां महागौरी की आराधना पवित्रता, शांति और सद्भाव का संदेश देती है।

## शैलर आवंटन और वाहनों के पंजीकरण में देरी से उठान प्रभावित

# तुलाई से पहले शैलरों में धान भेजने के आदेश पर भड़की भाकियू चढ़ूनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

हरियाणा सरकार के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा 8 अक्टूबर 2026 को जारी उस आदेश पर भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ने कड़ी आपत्ति जताई है, जिसमें धान की तुलाई से पहले उसे सीधे शैलरों में भेजने की अनुमति दी गई है। यूनियन ने इसे किसान हितों और सरकारी खरीद व्यवस्था की पारदर्शिता के लिए चिंताजनक बताते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव से आदेश पर तत्काल रोक लगाने और आवश्यक संशोधन करने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के प्रदेश प्रवक्ता राकेश बैंस ने कहा कि तुलाई और सरकारी रिकॉर्ड दर्ज किए बिना धान को शैलरों में भेजने से उसकी वास्तविक मात्रा की निगरानी प्रभावित हो सकती है। साथ ही, दूसरे राज्यों से धान अथवा चावल लाकर सरकारी खरीद के धान में मिलाने की आशंका भी पैदा हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वाहन में लाए गए धान की मात्रा का पारदर्शी रिकॉर्ड और पर्याप्त सरकारी निगरानी सुनिश्चित किए बिना ऐसी व्यवस्था लागू करना उचित नहीं है। राकेश बैंस ने कहा कि यदि किसी मंडी में कांटों की कमी या तकनीकी समस्या है, तो वहां वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए। सभी मंडियों में तुलाई से पहले धान शैलरों में भेजने की अनुमति देना इसका उचित समाधान नहीं है।



कुरुक्षेत्र। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश बैंस जानकारी देते हुए।

### सरकारी खरीद की पारदर्शिता पर उठाए सवाल

राकेश बैंस ने बताया कि एक वाहन की तुलाई में सामान्यतः पांच से दस मिनट लगते हैं, इसलिए उठान में देरी के लिए केवल तुलाई व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। यूनियन के अनुसार, 29 सितंबर से धान खरीद शुरू होने के बावजूद नरवाना मंडी में 8 अक्टूबर तक खरीद एजेंसियों को शैलर आवंटित नहीं किए गए थे और वाहनों का पंजीकरण भी नहीं हुआ था। प्रतिनिधिमंडल के दौरे के बाद उस दिन केवल दो गाड़ियां ही लोड हो सकीं। यूनियन ने इसे विभागीय तैयारियों में कमी बताते हुए समय पर सभी व्यवस्थाएं पूरी करने की मांग की। संगठन ने आशंका जताई कि अव्यवस्थित खरीद प्रक्रिया से किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसल बेचने में परेशानी, गुणवत्ता के नाम पर कटौती और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। भाकियू चढ़ूनी ने मांग की कि धान की तुलाई निर्धारित कांटों पर कर सरकारी रिकॉर्ड दर्ज किया जाए और इसके बाद ही संबंधित शैलर में भेजने की अनुमति दी जाए। साथ ही, शैलर आवंटन, वाहनों के पंजीकरण और उठान की व्यवस्था समय पर पूरी की जाए। यूनियन ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों, उचित मूल्य और सरकारी खरीद की पारदर्शिता से कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## न्यूज डायरी

### कबड्डी विजेताओं को मिलेंगे एक-एक लाख

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में देशभर से महिला एवं पुरुष वर्ग में ऑल ओपन नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप के लिए दमखम दिखाएंगे। स्थापना दिवस के उपलक्ष में यह आयोजन 10 एवं 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला, पूर्व छात्र एसोसिएशन एवं महाराजा सूरजमल जाट वेलफेयर के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान डॉ कृष्ण श्योकंद करेंगे। महिला वर्ग की 10 अक्टूबर एवं पुरुष वर्ग की 11 अक्टूबर को कबड्डी मैच होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद नवीन जिंदल होंगे जबकि महिला वर्ग के लिए मुख्य अतिथि पूर्व चेयरपर्सन उमा सुधा एवं संरक्षक संतोष मोर होगी। वरिष्ठ अतिथि के रूप में मोहित मलिक, डॉ जगविंदर विर्क, करण प्रताप बेदी, मोनू पूनिया, कुलदीप दलाल मौजूद रहेंगे। अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ कृष्ण श्योकंद ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग में चैंपियन का खिताब जीतने वाली महिला वर्ग एवं पुरुष वर्ग को अलग-अलग 1-1 लाख रुपए पुरस्कार राशि भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।



कुरुक्षेत्र। जानकारी देते अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ कृष्ण श्योकंद।

### लाडवा अनाज मंडी में धान खरीद व उठान में आई तेजी



**लाडवा।** मार्केट कमेटी लाडवा चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त ने कहा कि लाडवा अनाज मंडी से अब तक सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा कुल 57,355 क्विंटल धान की खरीद की गई है, जिसमें हैफेड द्वारा 18,580 क्विंटल और डीएफएससी द्वारा 38,775 क्विंटल धान की खरीद शामिल है। इसके अलावा मंडी के आढ़तियों और निजी व्यापारियों द्वारा भी बड़े पैमाने पर खरीद की जा रही है। आढ़तियों और सरकारी एजेंसियों को मिलाकर लाडवा अनाज मंडी से अब तक कुल 3,94,787 क्विंटल धान की फसल की आवक हो चुकी है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि लाडवा मंडी में धान की आवक लगातार बनी हुई है और खरीद कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। मार्केट कमेटी के अध्यक्ष डॉ. गणेश दत्त शुक्रवार को लाडवा अनाज मंडी स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता कर रहे है। इस बैठक में मंडी में आ रही धान की फसल की खरीद, तुलाई और उठान व्यवस्था की समीक्षा की गई।

### संयुक्त संघर्ष मोर्चा की कन्वेंशन आज रोहतक में

**पिहोवा।** हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त सांझा संघर्ष मोर्चा की आल हरियाणा पॉवर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन के पिहोवा यूनिट सचिव गुरचरण संधु ने कहा की 10 अगस्त को बिजली मंत्री अनिल विज और बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ सांझा संघर्ष मोर्चा की वार्ता समिति के साथ कई मांगों की सहमति हुई थी लेकिन आज तक समझौते को लागू नहीं किया गया जिसके लिए समस्त राज्य कमेटी के सदस्यों, सभी सर्कल सचिवों तथा सभी यूनिटों के प्रधान एवं सचिवों एवं समस्त साथी हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा की राज्य स्तरीय कन्वेंशन दिनांक 10 को प्रातः 10 बजे कर्मचारी भवन, सुखपुरा चौक, रोहतक में आयोजित होगी ।माननीय बिजली मंत्री हरियाणा सरकार के साथ दिनांक-10 अगस्त 2026 को संयुक्त संघर्ष मोर्चा प्रदेश कमेटी की कई दौर की बैठकें हुई थी, जिसमें कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों एवं मुद्दों के समाधान हेतु दो माह अर्थात 10 अक्टूबर 2026 तक का समय सरकार की ओर से दिया गया था । परंतु निर्धारित समयावधि पूर्ण होने के बावजूद अभी तक उक्त मांगों के समाधान के संबंध में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसी स्थिति में 10 अक्टूबर 2026 को आयोजित होने जा रही समस्त पदाधिकारियों की इस राज्य स्तरीय कन्वेंशन में कर्मचारियों की लंबित मांगों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करते हुए आगामी आंदोलन की रणनीति एवं कार्यक्रम पर विचार-विमर्श कर निर्णायक फैसला लिया जाएगा।



### महाराजा अग्रसेन जयंती पर चार दिवसीय कार्यक्रम



**कुरुक्षेत्र।** महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में शुक्रवार को श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत के द्वारा चार दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत अग्रसेन पब्लिक स्कूल सैक्टर 13 के प्रांगण में विद्यार्थियों के लिए नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में जितेंद्र गोयल उप प्रधान, नवकेतन गोयल सचिव, विशेष गर्ग कोषाध्यक्ष, अभय मित्तल सह सचिव, मास्टर सतपाल गुप्ता, राजीव गर्ग, जयपाल गोयल, कुलवंत गर्ग, गौरव मित्तल, डा. अनीश सिंगला एवं गौरव तायल मौजूद रहे। इस अवसर पर डा. शुचिस्मिता, भावना शर्मा व राजेश कुमारी से निर्णायक के रूप में मौजूद रहे। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति परंपराओं और महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया।

### गणित-विज्ञान मेले में महक ने पाया प्रथम स्थान



**थानेसर।** विद्या भारती हरियाणा द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय गणित-विज्ञान मेले में गीता निकेतन विद्या मंदिर, सेक्टर-03, कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नवाचार क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। 6 से 8 अक्टूबर तक गीता विद्या मंदिर, गोहाना में आयोजित इस मेले में विद्यालय के नौ विद्यार्थियों ने वैदिक गणित प्रश्नोत्तरी, विज्ञान प्रदर्शन, प्रायोगिक विज्ञान एवं गणित प्रदर्शन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता की। विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धियों से यह सिद्ध किया कि भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण का समन्वय विद्यार्थियों की प्रतिभा को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में सक्षम है। प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। सेंसर आधारित नवाचारी मॉडल में कक्षा षष्ठी की छात्रा बहन महक ने प्रांत स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। महक ने विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब में तैयार किए गए कचरा निपटान से संबंधित सेंसर आधारित मॉडल के माध्यम से अपनी नवाचार क्षमता और तकनीकी दक्षता का परिचय दिया।

## खबर संक्षेप

### डीसी ने शैक्षणिक गतिविधियों की ली जानकारी

**अंबाला।** उपायुक्त ने अधिकारियों की बैठक लेकर सरकारी स्कूलों में क्रियान्वित कि जा रही शैक्षणिक गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। बच्चों की शिक्षा को ओर गुणवत्तापूर्ण बनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने बैठक में स्कूलों के तहत बाल वाटिका, मिड-डे मील, उल्लास, निपुण भारत मिशन, राष्ट्रीय साधन-सह योग्यता छात्रवृति योजना(एनएमएमएस), ज्ञान संस्कार, मिशन बुनियाद, सुपर-100 तथा सुपर-40, मानक अवार्ड, कुशल बिजनेस चैलेंज, प्रोजक्ट विश्वास व सिविल वर्क कार्यों के साथ अन्य स्कूलों से जूडे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर किए जा रहें कार्यों की समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिए।

### शिविर में छात्रों को दी कानूनी जानकारी

**अंबाला।** हरियाणा राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों व जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष के कुशल मार्गदर्शन में एक विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, डीएलएसए की देखरेख में आयोजित किया गया। यह कानूनी जागरूकता शिविर विश्वास पब्लिक स्कूल, सेक्टर 10, अंबसला शहर में आयोजित किया गया। इसका संचालन डीएलएसए की लीगल एड काउंसिल (कानूनी सहायता अधिवक्ता) एडवोकेट सारू जस्सी द्वारा किया गया। इस शिविर में स्कूल के लगभग 80 छात्र-छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया और लाभ उठाया।

### सेवा सेतु में एसडीएम ने किया अवलोकन

**अंबाला।** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के मार्गदर्शन में रेलवे ऑडिटोरियम अंबाला छावनी में सेवा सेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीएम कनिका गोयल ने भी कार्यक्रम में स्टॉलों का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई।

एसडीएम ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना है।

### उपायुक्त ने जरुरी चीजें उपलब्ध करवाने के निर्देश

**अंबाला।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों, पोषण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पॉक्सो, वन स्टॉप सेंटर, ऑब्जर्वेशन होम एवं शेल्टर होम सहित विभाग की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और गतिविधियों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में साफ-सफाई, बिजली, स्वच्छ पेयजल, शौचालय सुविधाएं उपलब्ध करवाने के आदेश दिए।

## कृषि मंत्री ने मंडियों का मुआयना कर व्यवस्थाओं को जांचा, दिए निर्देश

# धान खरीद प्रक्रिया में नहीं आनी चाहिए दिक्कत, समय पर हो उठान : राणा

श्याम सिंह राणा ने एमएसपी पर धान खरीद, साफ-सफाई, बरदाने की उपलब्धता, पेयजल व्यवस्था की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। धान की ढेरी पर नमी के स्तर को जांचते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। फोटो : हरिभूमि

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने शुक्रवार को अंबाला शहर, साहा और मुलाना स्थित अनाज मंडियों का दौरा कर धान खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडियों में किसानों के लिए किए गए प्रबंधों, धान की आवक, खरीद, उठान और भुगतान सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। धान खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से और निर्धारित नियमों के अनुसार सुनिश्चित किया जाए।

कृषि मंत्री ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान खरीद, साफ-सफाई, बारदाने की उपलब्धता, पेयजल व्यवस्था तथा किसानों, मजदूरों और अन्य लोगों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने धान की ढेरियों का निरीक्षण कर नमी (मॉइस्चर) के स्तर की भी जानकारी ली। निर्देश दिए कि निर्धारित नमी मानकों के अनुसार ही धान की खरीद की जाए।। इस दौरान साहा मंडी किसानों एवं अन्य संबंधित लोगों ने मंडी में अटल कैंटीन खुलवाने तथा प्रवेश द्वार के रास्ते को दुरुस्त करवाने की मांग रखी। कृषि मंत्री ने सभी मांगें लिखित रूप में देने को कहा ताकि उनका जल्द समाधान करवाया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद के बाद धान का उठान समय पर सुनिश्चित किया जाए ताकि मंडी में फसल का अनावश्यक भंडारण न हो और किसानों को अपनी अगली फसल मंडी में लाने में परेशानी का सामना न करना पड़े।

### गेट पास व्यवस्था व सीसीटीवी प्रबंध सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

उन्होंने कहा कि मंडी में किसानों, आढ़तियों, राइस मिलरों और अन्य संबंधित लोगों को खरीद प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने गेट पास व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों तथा अन्य सुविधाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक सभी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मंडी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, आढ़तियों और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि यदि धान खरीद के दौरान किसी प्रकार की परेशानी सामने आती है तो अधिकारी और संबंधित पक्ष उन्हें अवगत करवाएं, ताकि उसका शीघ्र समाधान किया जा सके।

### फसल खरीद से लेकर भुगतान तक आपसी तालमेल से करे कार्य

उन्होंने कहा कि खरीद से लेकर उठान और भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया में संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें, ताकि किसानों को समय पर सुविधाएं मिल सके। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की सुविधा और उनकी फसल की सुचारू खरीद सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंडियों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाना और खरीद प्रक्रिया की लगातार निगरानी करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसानों को किसी भी स्तर पर परेशानी न हो। इस अवसर पर एसडीएम कनिका गोयल, एसडीएम दर्शन कुमार, नायब तहसीलदार सतिंदर, मार्केट कमेटी चेयरमैन जशमेर राणा, मार्केट कमेटी चेयरमैन जसविंद्र सिंह उगाडा, वाइस चेयरमैन गुलशन कालडा, मंडल अध्यक्ष संजीव सैनी, मंडल महामंत्री राहुल अग्रवाल, मंडी एसोसिएशन प्रधान मक्खन लाल गोयल, मंडी सचिव कृष्ण कुमार मलिक, मंडी एसोसिएशन प्रधान सुच्चा सिंह, मार्किट सचिव दलेल सिंह के साथ आढती, किसान व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# दुकान का शेड हटाने गई निगम की टीम का विरोध




अंबाला। दुकान के आगे से शैड हटाती नगर निगम की टीम।

- जर्जर ईमारत को लेकर शिकायत के बावजूद कार्रवाई न करने का आरोप, बीआई बोले जल्द दिया जाएगा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के नदी मोहल्ला में अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम को दुकानदार के विरोध का सामना करना पड़ा। दुकान के शैड और थड़े पर कार्रवाई के दौरान दुकानदार ने पास में बनी जर्जर इमारत का मुद्दा उठाते हुए निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। दुकानदार का कहना है कि निगम अतिक्रमण हटाने के लिए तो पहुंच गया, लेकिन पास की जर्जर इमारत की हालत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने आशंका जताई कि इमारत का मलबा या कोई हिस्सा गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है। नगर निगम के बिल्डिंग इंस्पेक्टर का कहना है कि अतिक्रमण हटाने से पहले दुकानदार को नोटिस दिया गया था। व्यक्तिगत रूप से भी समझाया गया था। दुकानदार ने आरोप लगाया कि उसे शैड हटाने के लिए पहले कोई नोटिस नहीं मिला था। उसके अनुसार, उसने अपनी दुकान का छज्जा पहले ही तोड़ दिया था, लेकिन बाद में निगम की टीम ने शेड और थड़े को भी अतिक्रमण बताते हुए कार्रवाई की बात कही। दुकानदार ने सवाल उठाया कि यदि सड़क पर अन्य दुकानों के बाहर भी शैड लगे हैं तो कार्रवाई केवल उसकी दुकान पर ही क्यों की जा रही है। दुकानदार ने पास की जर्जर इमारत की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि उसकी हालत काफी खराब है और वहां से पत्थर गिरने के कारण उसे पहले चोट भी लग चुकी है। उसने बताया कि इस संबंध में निगम को शिकायत और आवेदन भी दिया था लेकिन उसे कोई राहत नहीं मिली। नगर निगम के बिल्डिंग इंस्पेक्टर ने दुकानदार के आरोपों पर कहा कि शैड और थड़े को लेकर मामला चल रहा है। उन्होंने बताया कि संबंधित दुकानदार को नोटिस दिया गया था और व्यक्तिगत रूप से भी मौके पर जाकर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था। उनके अनुसार कानूनी प्रक्रिया के तहत शैड और थड़े पर कार्रवाई करना जरूरी था। इसी वजह से कार्रवाई की गई है।

# शिविर में 54 लोगों ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

- आईटीआई बराड़ा एट होली में लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




अंबाला। रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते एसडीएम।

रोटरी क्लब की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बराड़ा एट होली में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों और क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में कुल 54 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया। एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का ऐसा कार्य है, जिससे किसी अनजान जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। दुर्घटना, ऑपरेशन और गंभीर बीमारियों के दौरान रक्त की आवश्यकता पड़ सकती है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। उन्होंने रोटरी क्लब की ओर से सामाजिक सरोकारों के तहत किए जा रहे कार्यों की सराहना की। रोटरी क्लब प्रधान बलकार सिंह ने कहा कि क्लब का उद्देश्य केवल सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि लोगों में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करना भी है। रक्तदान शिविर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि क्लब भविष्य में भी जनहित और मानव सेवा से जुड़े कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा। आईटीआई प्रिंसिपल अश्वनी कुमार ने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवन की उम्मीद बन सकता है। इसलिए स्वस्थ लोगों को चिकित्सकीय दिशा-निर्देशों के अनुसार समय-समय पर स्वेच्छा से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

# सगे भाइयों ने क्रेडिट कार्ड के जरिए की तीन लाख की ठगी, केस दर्ज

- अमेरिकन टूरिस्टर कंपनी की सी एंड एफ दिलवाने का दिया था लालच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

सेना की कैंटीन में कार्यरत दो भाइयों की ओर से अपने ही परिचित के साथ व्यापार कराने और क्रेडिट कार्ड से लाखों रुपये की धोखाधड़ी हो गई। आरोपियों ने पीड़ित को अमेरिकन टूरिस्टर कंपनी का सी एंड एफ एजेंट बनाने का झांसा देकर बैंक लोन, क्रेडिट कार्ड बिल और अपनी निजी देनदारियां चुकवाईं। इसके अलावा आरोपियों पर भारतीय सेना की कैंटीन से सब्सिडी वाला सामान फर्जी नामों से खरीदकर खुले बाजार में बेचने और सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का भी आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपी श्याम कुमार शर्मा और उसके भाई राम किशोर के खिलाफ केस दर्ज किया है। अंबाला कैंट के टिंबर मार्केट के रहने लो अनुज धीर ने बताया कि आरोपी श्याम कुमार शर्मा सेना कैंटीन में अमेरिकन टूरिस्टर कंपनी का कर्मचारी है जबकि उसका भाई राम किशोर सेना कैंटीन में सफारी कंपनी में तैनात है। फरवरी 2024 में दोनों भाइयों ने उन्हें अमेरिकन टूरिस्टर का सी एंड एफ एजेंट बनवाने का लालच देकर झांसे में लिया था।

### सब्सिडी वाले सामान की कालाबाजारी की

पीड़ित अनुज धीर ने पुलिस को सौंपे शिकायत पत्र में यह भी आरोप लगाया कि दोनों भाई एक बड़ा अवैध नेटवर्क चलाते हैं। वे अपनी पहचान और दूसरों के क्रेडिट कार्ड का दुरुपयोग कर सेना की कैंटीनों से रियायती दरों पर मिलने वाला सामान फर्जी नामों से खरीदते हैं और उसे खुले बाजार में ऊंचे दामों पर बेचकर अवैध मुनाफा कमाते हैं। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की मानें तो जल्द ही आरोपियों को काबू किया जाएगा।



### 2.80 एकड़ में विकसित की जा रही थी अवैध कॉलोनी, योजनाकार के दस्ते ने की तोड़फोड़

**अंबाला।** जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा अंबाला छावनी के अर्बन एरिया के गांव जनेतपुर में लगभग 2.80 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में तोड़-फोड़ की कार्रवाई की है। इस दौरान अवैध कालोनी में बने हुई नींव व कच्ची सडक़ों के जाल को पूर्ण रूप से धवस्त कर दिया गया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम नगर योजनाकार गुंजन वर्मा, कनिष्ठ अभियंता रविंद्र तथा हरियाणा राज्य प्रर्वतन ब्यूरो के एसएचओ पुलिस बल के साथ मौजूद थे। नगर योजनाकार गुंजन वर्मा ने आमजन से अपील की है कि वे भूमालिक एवं प्रॉपट्री डीलरों के झांसे में न आएं। ये लोग अवैध कॉलोनियों में झांसा देकर प्लाट बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन अवैध कॉलोनियों में प्लाट खरीदना व बेचना पूरी तरह से गैरकानूनी है।

# सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पात्रों को मिलना चाहिए लाभ : विधायक

- विधायक शैली चौधरी ने शिविर का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़



नारायणगढ़। स्टाल का अवलोकन करती विधायक शैली चौधरी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को विधायक शैली चौधरी ने गांव पिलखनी में सेवा सेतु कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य अतिथि का यहां पहुंचने पर बीडीपीओ साहा, सरपंच व अन्य ग्रामीणों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। विधायक शैली चौधरी ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा सेवा सेतु कैंप में लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करने के उपरांत उन्होंने कहा कि सेवा सेतु कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाना व उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करना है।

### अमावस्या के अवसर पर सरस्वती तीर्थ पिहोवा में आज यातायात व्यवस्था में रहेगा बदलाव

**पिहोवा।** उपमंडल अधिकारी नागरिक राहुल कनवारिया ने अमावस्या के अवसर पर सरस्वती तीर्थ पिहोवा में श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए 10 अक्टूबर के लिए यातायात व्यवस्था के संबंध में आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार, पिहोवा चौक (सरस्वती गेट) से सरस्वती तीर्थ तक चार पहिया वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। सरस्वती तीर्थ की ओर आने वाले चार पहिया वाहनों को पिहोवा चौक से नगर पालिका की अंडरग्राउंड पार्किंग की ओर भेजा जाएगा। श्रद्धालुओं को वहां अपने वाहन खड़े करके पैदल तीर्थ तक जाना होगा। चिकित्सकीय कारणों से अथवा बच्चों के साथ चार पहिया वाहन में आने वाले श्रद्धालुओं को पिहोवा मुख्य चौक से अंबाला रोड तथा ड्रेन रोड के रास्ते सरस्वती तीर्थ तक जाने की अनुमति होगी। एसडीएम राहुल कनवारिया ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन, पुलिस तथा अन्य आपातकालीन वाहनों को प्रतिबंध से छूट रहेगी। यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए थाना शहर पिहोवा के एसएचओ को पिहोवा चौक पर बैरिकेडिंग लगाने और पुलिस कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, नगर पालिका के सचिव को अंडरग्राउंड पार्किंग चालू रखने तथा पार्किंग की दिशा बताने वाले सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यातायात संबंधी निदेशों का पालन करें और प्रशासन का सहयोग करें, ताकि अमावस्या के अवसर पर दर्शन एवं आवागमन की व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

### विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत सुनवाई के लिए 2509 मामले लंबित

**अंबाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मिले नोटिस एवं सुनवाई से संबंधित मामलों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। आयोग द्वारा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को लंबित सुनवाई मामलों के शीघ्र निस्तारण, प्रभावी मॉनिटरिंग व निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला में मतदाता सूची से संबंधित कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा राजनैतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से फार्म 6, फार्म 7, फार्म 8 के तहत प्राप्त दावे व आपत्तियों की सूचियां राजनैतिक दलों के साथ सांझा की गई हैं। उन्होंने बताया कि अब जिला में कुल 2509 सुनवाई मामले लंबित हैं जिनका निस्तारण 28 अक्तूबर 2026 तक किया जाना है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

### 22.5 ग्राम हेरोइन सहित तस्कर गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-नारायणगढ़ टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में एक आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से 22 ग्राम 50 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि गांव डेहर अंबली रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए घूम रहा है। पुलिस दल ने घेराबंदी कर आरोपी राहुल उर्फ लवली को धर दबोचा। तलाशी लेने पर उसके पास से 22 ग्राम 50 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की गई। अब पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

## हसला ने समयबद्ध तरीके से तबादला प्रक्रिया करने की मांग की

# चार साल में 4 बार बदला शेड्यूल, तबादलों का इंतजार

नियमित तबादला नहीं होने से प्रदेश के करीब 40 हजार शिक्षक अस्थायी स्टेशनों पर कर रहे कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



संदीप खोखर, राज्य सचिव हसला।

कई शिक्षक मूल स्टेशन से 100 से 200 किमी दूर दे रहे है सेवा

हरियाणा में शिक्षकों की सामान्य तबादला प्रक्रिया में हो रही देरी अब हजारों शिक्षकों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। बार-बार ट्रांसफर पोर्टल खुलने और बंद होने तथा शेड्यूल में बदलाव के चलते शिक्षक असमंजस में हैं। पिछले चार वर्षों में करीब चार बार तबादला शेड्यूल जारी होने के बावजूद प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। इस स्थिति को देखते हुए हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) ने सरकार से अंतिम शेड्यूल जारी कर तबादला प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की मांग की है। राज्य सचिव संदीप खोखर ने कहा कि लंबे समय से नियमित तबादले नहीं होने के कारण प्रदेश के करीब 40 हजार शिक्षक अस्थायी स्टेशनों पर कार्य करने को मजबूर हैं। इनमें कई शिक्षक डेपूटेशन और अन्य अस्थायी व्यवस्थाओं के तहत अपने मूल स्टेशन से 100 से 200 किलोमीटर दूर सेवाएं दे रहे हैं। बार-बार बदलती व्यवस्था के कारण शिक्षकों को यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि उन्हें अपने मनचाहे या सुविधाजनक स्टेशन पर कब तक नियुक्ति मिल पाएगी।

### शिक्षकों को एक दशक से इंतजार

जेबीटी शिक्षक पिछले करीब 10 वर्षों से सामान्य तबादलों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रदेश के कई स्कूलों में शिक्षकों की संख्या जरूरत से अधिक है, जबकि दूसरी ओर अनेक स्कूल शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसे में रिक्त पदों और स्कूलों की वास्तविक जरूरत के अनुसार शिक्षकों का समायोजन किया जाए तो स्टाफ की कमी और अधिकता, दोनों समस्याओं को दूर करने में मदद मिल सकती है। हसला ने मांग की है कि जिन शिक्षकों का फिलहाल नियमित तबादला संभव नहीं है, उन्हें वर्ष 2022 की तर्ज पर डेपूटेशन या एडजस्टमेंट का विकल्प दिया जाए। इससे दूर-दराज के स्टेशनों पर कार्य कर रहे शिक्षकों को राहत मिल सकती है। जिन स्कूलों में शिक्षकों की जरूरत है, वहां उपलब्ध स्टाफ का बेहतर उपयोग किया जा सकेगा।

### स्पष्ट समय-सारिणी जारी करे सरकार

संदीप खोखर ने कहा कि ट्रांसफर पॉलिसी का उद्देश्य पारदर्शी व्यवस्था के तहत शिक्षकों को उनकी जरूरत और उपलब्ध रिक्त पदों के अनुसार उचित स्टेशन उपलब्ध कराना है। लेकिन बार-बार पोर्टल बंद होने और शेड्यूल बदलने से प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि तबादलों की अंतिम समय-सारिणी स्पष्ट रूप से जारी की जाए और बिना अनावश्यक देरी के पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई जाए, ताकि शिक्षकों को बार-बार अनिश्चितता का सामना न करना पड़े।